सार-समाचार

सायला में 105 यूनिट रक्त संग्रहित, शिविर में 750 लोगों की रक्त जांच

सायला, (निसं)। नगर स्थित सुमटीबाई भबुतमल भंडारी जैन धर्मशाला में कर्णसिंह सोढा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्त सेवादल संस्थान सायला के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर डॉ. उदयसिंह सोढा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में कुल 75० लोगों ने अपनी रक्त जांच करवाई, वहीं युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ब?-च?कर हिस्सा लेते हुए कुल 1०5 यूनिट रक्तदान किया। रक्त संग्रह का कार्य राजकीय ब्लड बैंक जालोर एवं महात्मा गांधी अस्पताल ब्लड बैंक जोधपुर की विशेषज्ञ टीमों द्वारा पूरी सावधानी के साथ किया गया। इस अवसर पर रक्त सेवादल संस्थान के सचिव नवनीत दवे ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे बडा माध्यम है। सडक दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, थैलीसीमिया पीडतिों के इलाज, ऑपरेशनों और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की अत्यधिक आवश्यकता होती है। एक यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा कर सकता है। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सहयोग, सेवा और जनकल्याण की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में कर्णसिंह सोढा ने शिविर को सफल बनाने वाले सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मोहन मेघवाल, उपाध्यक्ष मांगीलाल फोलामुथा, शैलेंद्रसिंह बावतरा, मनोहरसिंह सोढा, नवनीत दवे, नारायणलाल विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, विक्रमसिंह सायला, राहुल भंडारी, ताराराम चौधरी, दीपसिंह दूदवा, बलवंतसिंह दहिया, रतनसिंह, यारू मेहर कोलर, दशरथसिंह मेडतिया, इब्राहिम खान, फिरोज बागोडा, शौकत खान, अनिल लांबा, जसवंतसिंह बावतरा, सवाईसिंह, भवानीसिंह देता, डॉ. विसनाराम जाट, छगनाराम, संदीप लांबा, रामसिंह भाटी और प्रेमसिंह तेलवाड़ा सहित बडी संख्या में लोग और रक्तदाता मौजूद रहे।

फूड प्रोसेसिंग पर कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय, प्रताप चौक में आज व्यावसायिक शिक्षा में फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) के अंतर्गत एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी सचिव एवं युवा होटल व्यवसायी हितेश प्रजापत ने गेस्ट लेक्चरर के रूप में कक्षा 11वीं की छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान प्रजापत ने छात्राओं को हॉस्पिटैलिटी, होटल एवं रेस्टोरेंट प्रबंधन के साथ खाद्य प्रसंस्करण की गहराइयों से रूबरू कराया। अपने संबोधन में उन्होंने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही। होटल व्यवसाय को दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण व्यवसायों में माना जाता है, जहाँ असफलता का जोखिम सबसे अधिक होता है। लेकिन अटूट लगन, उच्च गुणवत्ता, और बेहतरीन ग्राहक सेवा (सर्विस) के बल पर इस क्षेत्र में शिखर की सफलता हासिल की जा सकती है। व्यावसायिक शिक्षा के इस सत्र में छात्राओं ने होटल इंडस्ट्री के मैनेजमेंट, फूड एंड बेवरेज और कस्टमर रिलेशन से जुडे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपयोगी पाठ्य सामग्री वितरित की गई, जिससे बालिकाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने हितेश प्रजापत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्यावहारिक सत्र विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल ज्ञानी राठौड, वाइस प्रिंसिपल नरपत आर्य, फूड प्रोसेसिंग प्रभारी सीमा विश्नोई, व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी शिवीन उपस्थित रहे।

रेवदर में मातृ सम्मेलन आयोजित

रेवदर, (निसं)। स्थानीय आदर्श विद्यालय उच्च माध्यमिक में माताओं और बहनों के सम्मान में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऋषिगिरि महाराज, मुख्य अतिथि सोनल शर्मा (सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट) और प्रधानाचार्य प्रवीण रावल ने मां शारदे, मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान शानदार सांस्कृतिक रंगमंचीय कार्यक्रम, ओजस्वी भाषण और माताओं-बहनों को समर्पित मधुर गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल शर्मा ने उपस्थित मातृ शक्ति को विशेष रूप से संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नारी शक्ति की महत्ता बताते हुए उन्हें जीवन में आगे बढने तथा अपने लक्ष्यों के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया। नीलम पुरोहित व अभिभावक किरण शर्मा ने इस शुभ अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत कर उपस्थित माता बहनों को अपने कर्तव्य के प्रति प्रेरित किया। साथ ही स्थानीय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए मातृशक्ति की भूमिका, संस्कारों के महत्व एवं परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ आचार्या सीता कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न मंच के माध्यम से महिलाओं को प्रश्न पूछ कर सही उत्तर देने पर मंच द्वारा सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में असंख्य माताओं, बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं सहित आचार्योंओ की उपस्थिति रही।

पांच शिक्षकों ने बढ़ाया रेवदर ब्लॉक का मान

रेवदर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 10 अक्टूबर को स्वामी नारायण मंदिर, अनादरा चौराहा, सिरोही में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के लिए बालिका शिक्षा एवं सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रेवदर ब्लॉक के पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन किया गया। समग्र शिक्षा, सिरोही की ओर से जारी सूची के अनुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रानाडी की अध्यापिका वन्दना प्रजापत एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वास की अध्यापिका तमन्ना को मीना-राजू एवं गार्गी मंच के प्रभावी संचालन के लिए चयनित किया गया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रेवदर की अध्यापिका कमलेश कुमारी का चयन आत्मरक्षा प्रशिक्षण में अनुकरणीय कार्य के लिए हुआ। इसी प्रकार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेवदर की व्याख्याता संगीता चौधरी को बालिका शिक्षा में नवाचार तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राजगढ के अध्यापक प्रेमाराम रेबारी को विद्यालय से बाहर की बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के प्रयासों के लिए चयनित किया गया। रेवदर ब्लॉक के इन शिक्षकों का जिला स्तर पर चयन बालिका शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों की पहचान है।

रामधाम खेड़ापा में होम्योपैथिक शिविर

जोधपुर, (कासं)।डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य गोविंद सहाय शुक्ल की प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय की प्रमुख पीठ रामधाम खेड़ापा में शनिवार को एक दिवसीय नि:शुल्क विशाल होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आचार्य पुरुषोत्तमदास महाराज के सानिध्य एवं उत्तराधिकारी संत गोविंदराम शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। यह शिविर आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से संबद्ध कॉलेज ऑफ होम्योपैथी एवं संजीवनी होम्योपैथिक हॉस्पिटल, कड़वड़ जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। घुटनों का दर्द, ऑस्टियो आर्थराइटिस, रूमेटाइड अर्थराइटिस, डायबिटीज, अस्थमा व अन्य श्वास रोग, उच्च रक्तचाप, थायराइड, पेट संबंधी रोग, सिरदर्द, माइठोन, जुकाम, बुखार, एलर्जी, त्वचा रोग, स्त्रीरोग, गुर्दे एवं मूत्र संबंधी समस्याओं सहित कमर दर्द जैसी बीमारियों की नि:शुल्क जांच एवं दवा उपलब्ध कराई गई।

डांगरा का नागरिक अभिनंदन किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। गांधी कॉलोनी स्थित खत्री सेवा सदन नवखुनिया में श्री ब्रह्मिक्षत्रय (खत्री) समाज की ओर से नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति विजय डांगरा एवं उपसभापति मधुबाला चौहान सहित पार्षदों व जनप्रतिनिधियों का नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में सभापति विजय डांगरा का साफा पहनाकर, माल्यार्पण एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। सभापति विजय डांगरा ने खत्री समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और जनहित के कार्यों में सभी समाजों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उपसभापति मधुबाला चौहान ने भी समाज के प्रति आभार जताया। समारोह में समाज अध्यक्ष सत्यनारायण दड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर खत्री, पूर्व सभापति हरिवल्लभ कल्ला व कविता खत्री सहित पार्षद एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। इस दौरान निर्माणाधीन खत्री सेवा सदन का अवलोकन भी किया गया।

जालोर में पंचायत समिति चुनाव की तैयारी पर कांग्रेस ने चर्चा की

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी पंचायत राज चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की ओर से शनिवार को राजीव गांधी भवन जालोर में जालोर पंचायत समिति क्षेत्र की चुनाव तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक समन्वयक डॉ. संजीव राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी द्वारा नियुक्त समन्वयक डॉ. संजीव राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उन्हें कार्यकर्ताओं की बात सुनने और उनकी भावनाओं को समझने के लिए भेजा है। चुनाव में टिकट मांगना प्रत्येक कार्यकर्ता का अधिकार है, लेकिन पार्टी द्वारा किसी एक प्रत्याशी के नाम की घोषणा किए जाने के बाद सभी कार्यकर्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे एकजुट होकर उसे जिताने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनकी क्षेत्र में मजबूत पकड हो और जो चुनाव जीतने की क्षमता रखते हों।

उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे तो पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस को निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

डॉ. राजपुरोहित ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाई है, जिसे वह अपनी उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रख सके। राजस्थान की भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलकर ही अपनी उपलब्धियां गिनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करना चाहिए।

जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि जालोर में लंबे समय से भाजपा का पंचायत चुनावों में वर्चस्व रहा है, लेकिन विकास के नाम पर जनता को केवल भ्रमित किया गया है। आमजन भाजपा की कार्यशैली को समझ चुका है और इस बार परिवर्तन के पक्ष में है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रियता से कार्य करने का आहवान किया।

■ पंचायत राज चुनाव-2026 को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की बैठक आयोजित

पूर्व राज्य मंत्री पुखराज पाराशर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विगत चुनावी दौरों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि जनता के सामने भ्रामक बातें रखी गईं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसान वर्ग सहित आमजन अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में क्षेत्र में ऐसा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ, जिसे वे अपनी उपलब्धि के रूप में गिना सकें।

उन्होंने नून में हवाई पट्टी से जुडी घोषणाओं का उल्लेख कर क्षेत्र की सडकों की स्थिति पर भी सवाल उठाए।

पाराशर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पंचायत राज चुनाव करवाने से बचना चाहती थी, लेकिन न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद चुनाव करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसी भी दबाव से भयभीत न हों। भाजपा पर प्रशासन एवं पुलिस के दुरुपयोग के जरिए विपक्षी कार्यकर्ताओं को डराने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती से जनता के बीच रहकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लडें। उन्होंने कहा कि जालोर विधायक द्वारा कांग्रेस नेताओं के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणियों का जवाब जनता नगर परिषद चुनाव में दे चुकी है और आगामी पंचायत राज चुनावों में भी जनता अपना फैसला सुनाने के लिए तैयार है।

बैठक को आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष नैन सिंह राजपुरोहित, भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह सियाणा, सभापति बंशीलाल माली,ऊम सिंह राठौड, जुल्फिकार अली, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल एवं गजेंद्र सिंह डोडियाली ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत ने किया।

राजीव गांधी भवन में दावेदारों से जाना चुनाव लड़ने का समीकरण

जालोर, (का.सं.)। राजीव गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में पंचायत समिति जालोर क्षेत्र से जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों से समन्वयक डॉ. संजीव राजपुरोहित ने व्यक्तिगत मुलाकात की। इस दौरान दावेदारों से उनके चुनावी समीकरण, क्षेत्र में जनाधार, जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं युवा नेता दीगांव निवासी खीमाराम चौधरी ने जालोर जिला परिषद सदस्य के वार्ड संख्या 30 से चुनाव लडने के लिए अपना आवेदन पेश किया। वहीं, आहोर विधानसभा क्षेत्र और जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट की मांग करने वाले धानपुर निवासी लालसिंह राठौड ने अब जालोर पंचायत समिति के वार्ड संख्या 5 से अपनी पत्नी को सदस्य का चुनाव लडवाने के लिए टिकट की मांग रखी है। जालोर प्रधान की सीट महिला सामान्य होने के चलते पंचायत समिति चुनाव में दावेदारों के बीच मुकाबला रोचक होने के आसार हैं।

इसके अलावा जालोर पंचायत समिति के वार्ड संख्या 23 से मदन सिंह ने भी चुनाव लडने के लिए अपना आवेदन पेश किया।

बैठक के पश्चात समन्वयक डॉ. संजीव राजपुरोहित ने राजीव गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में पंचायत समिति जालोर क्षेत्र से जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों से वन-टू-वन मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दावेदारों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी चुनावी तैयारियों, क्षेत्र में जनाधार एवं संगठनात्मक गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

बैठक में संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, लाल सिंह धानपुर,पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा, जगदीश चौधरी, सुष्मिता गर्ग, पार्षद शोभा सुन्देशा, गीताश्री मेघवाल, मंडल अध्यक्ष किशनाराम चौधरी, सावलाराम देवासी, प्रेम सिंह मिठडी, शंकर अग्रवाल, खीमाराम चौधरी, जिला सचिव सुरेश चौधरी, बस्तीमल चौहान, कृष्ण कुमार वाणिका, मांगीलाल गर्ग, महेन्द्र सोनगरा, शाकिर खान,पुखराज माली सहित कांग्रेस जन उपस्थिति थे।

सरदारगढ़ खेड़ा में छात्राओं ने एथलेटिक्स में दिखाया दम

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के निकट सरदारगढ़ खेडा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाडियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। मैदान पर छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का दमखम दिखाया। दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मदनलाल गर्ग, रश्मि कंवर, विक्रम सिंह धाणसा, ओमप्रकाश व हंसा राम चौधरी ने ट्रैक पर पहुंचकर खिलाडियों का हौसला बढाया। प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग की गोला फेंक स्पर्धा में रानीवाडा खुर्द की भाविका प्रथम, सरदारगढ खेडा की मनीषा द्वितीय और सरत की निरमा तृतीय स्थान पर रहीं। 19 वर्ष ऊंची कूद में कावतरा की वंछिका प्रथम, चंदा द्वितीय और पीएम श्री विद्यालय जुजाणी की अनीता तृतीय रहीं। वहीं, 17 वर्ष ऊंची कूद में कावतरा की मीना कुमारी प्रथम, भैंसवाडा की जयश्री द्वितीय और पीएम श्री विद्यालय जुजाणी की निकिता तृतीय स्थान पर रहीं।

इसी प्रकार 19 वर्ष हैमर थ्रो में जुजाणी की पायल प्रथम, भैंसवाडा की कोमल द्वितीय और सरदारगढ की मनीषा तृतीय रहीं। 19 वर्ष 1500 मीटर दौड में खारा की रवीना प्रथम, आरती द्वितीय और भैंसवाडा की पूजा देवासी तृतीय स्थान पर रहीं। 17 वर्ष 1500 मीटर दौड में खारा की समता प्रथम, करवाडा की सीमा द्वितीय और भैंसवाडा की दिव्या तृतीय रहीं। वहीं, 19 वर्ष 100 मीटर दौड में खारा की आरती प्रथम, जीवाणा की कविता द्वितीय और सरदारगढ खेडा की वर्षा तृतीय स्थान पर रहीं। 19 वर्ष 400 मीटर दौड में खारा की निरमा प्रथम, सरदारगढ खेडा की वर्षा द्वितीय और जीवाणा की ममता तृतीय रहीं।

प्रतियोगिता में रिले दौड के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 17 वर्ष वर्ग में भैंसवाडा की टीम ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया।

वहीं, 19 वर्ष वर्ग की 400 मीटर रिले दौड में खारा की टीम प्रथम और सरदारगढ की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संयोजक जबर खान सहित अर्जुन सिंह देलदरी, रूप सिंह राठौड नारणावास, ईश्वर सिंह देसू, नरेंद्र सिंह, गणपत सिंह मंडलावत, भंवर लाल सुथार, मिश्रीमल, प्रहलाद सिंह, उदय सिंह, परबत सिंह, रतन सिंह मंडलावत, मुकन सिंह, ताहिर सम्मा, जेठा राम, शेर करण सिंह, खेता राम, रणजीत भट्ट, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, जितेंद्र सिंह, दलजीत सिंह, धनवंत गेहलोत, दिनेश, गोविंद, नीलम, अंगूरी धांधल, चंद्रेश, गिरिराज, हिम्मत खां सहित निर्णायक मंडल के सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पार्षद सुमित्रा जैन फूड पॉइजनिंग प्रभावितों से मिली

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के प्यारा चौक क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि फूड पॉइजनिंग की घटना में नागरिकों की तबियत बिगडने के मामले में स्थानीय पार्षद सुमित्रा जैन ने शनिवार को वार्ड 34 में स्थित प्यारा चौक में मस्जिद के पीछे वाली गली में प्रभावित परिवारों के घर जाकर उनकी कुशल क्षेम पूछी।

सुमित्रा जैन इस दौरान स्थानीय निवासी मोइनुद्दीन, रमजान भाई, मोहम्मद हुसैन के घर भी गई और कल रात की घटना की जानकारी लेकर उनकी तबियत पुछी। उन्होंने पूरे मोहल्ले में प्रभावित नागरिकों से चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी ली। स्थानीय निवासियों ने उन्हें बताया कि शुक्रवार रात्रि नवलखा रोड पर एक दावत में खाना खाने के बाद 50 बच्चों सहित कुल 296 लोगों को फूड पॉइजनिंग हो गई, जिन्हें जांच और उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। इमरान खान, सलाम, जावेद, राजेंद्र तातेड, सुरेश मेहता, नवीन धारीवाल एवं अंकित जैन भी उनके साथ रहे।

रेल महाप्रबंधक ने परखी जोधपुर-डेगाना-फुलेरा रेलखंड की व्यवस्थाएं

जोधपुर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने शनिवार को जोधपुर-डेगाना-फुलेरा रेलखंड के निरीक्षण दौरे के दौरान विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं,पुनर्विकास कार्यों और परिचालन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महाप्रबंधक शर्मा ने जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के साथ मुख्य रूप से गोटन,मेड़ता रोड,रेन व डेगाना रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने स्टेशन भवनों,सर्कुलेटिंग एरिया,यात्री सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसमें गोटन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया जा चुका है जबकि मेड़ता रोड,रेन व डेगाना स्टेशनों पर शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के महाप्रबंधक ने निर्देश दिए।

इन स्टेशनों पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

डेगाना में अभिरुचि केंद्र का उद्घाटन

निरीक्षण दौरे के दौरान डेगाना रेलवे स्टेशन की पुनर्विकसित रेलवे कॉलोनी में रेलवे अभिरुचि केंद्र का उद्घाटन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अमृता शर्मा ने महाप्रबंधक पंकज शर्मा के साथ केंद्र का उद्घाटन किया। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर रेलवे कॉलोनी के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को महाप्रबंधक एवं महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष ने प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। अभिरुचि केंद्र का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों के परिवारों,विशेषकर बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों और अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

रेन रेलवे स्टेशन पहुंचने पर महाप्रबंधक पंकज शर्मा एवं मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी का जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री दरियाव जी महाराज की प्रतिमा भेंट की गई। साथ ही क्षेत्र में रेल विकास कार्यों, ट्रेन सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

मेड़ता रोड- गोटन में यात्री सुविधाओं का निरीक्षण

मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही क्रू लोको लॉबी में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं,प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षालय और अन्य यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

वहीं महाप्रबंधक ने पुनर्विकसित गोटन रेलवे स्टेशन पर स्टेशन भवन,सर्कुलेटिंग एरिया और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता,व्यवस्थाओं के बेहतर रखरखाव और यात्रियों को सुविधाजनक अनुभव उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

डेगाना रेलवे स्टेशन पर भी जनप्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक का स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में रेल विकास कार्यों तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। निरीक्षण के दौरान स्टेशनों पर विभिन्न संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक को मांगों के ज्ञापन सौंपे जिन पर महाप्रबंधक ने सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। महाप्रबंधक का यह निरीक्षण दौरा रेलखंड पर आधारभूत ढांचे के विकास,स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण रहा।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी,मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सुनील कुमार, उपमुख्य निर्माण अभियंता (गति शक्ति) नागेश कुमार मीणा,प्रवेंद्र सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ललित कुमार,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तरुण बीका,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आरएन जाट,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अमित स्वामी और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (संकेत एवं दूरसंचार) अनुपम कुमार वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर (सामान्य) महेन्द्र मीणा,वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर (टीआरडी),वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर(टीआरओ),वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ललित कुमार,श्रीचंद पूनिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

विदेशी महिलाओं को ठहराने के मामले में स्पा पर संचालक पर केस

जोधपुर, (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र में चार दिन पहले पुलिस ने रेड देकर स्पा सेंटर पर कार्यवाही की थी। वहां से चार थाई युवतियों सहित सात लोगों को हिरासत में लिया गया था। आरंभिक जांच पड़ताल में पता लगा कि वहां ठहराई गई विदेशी थाई युवतियों के दस्तावेज अवैध हैं।

इस पर अब संचालक के खिलाफ विदेशी अधिनियम का केस दर्ज हुआ है। बासनी थाना पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है।

सीआईडी-सीबी एसएसबी जोन की निरीक्षक मनोहर कंवर की तरफ से स्पा सेंटर फ्यूजन थैरेपी के संचालक पाली जिले के आदर्श कॉलोनी निवासी महेश पुत्र संपतराज के खिलाफ विदेशी अधिनियम में केस दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को एसीपी पश्चिम भजनलाल मय टीम ने बासनी हड्डी मिल एरिया में फ्यूजन थैरेपी स्पा सेंटर पर रेड दी थी।

वहां से चार थाई युवतियों सहित तीन ग्राहकों को हिरासत में लिया गया था। वहां ठहराई गई विदेशी महिलाओं के दस्तावेजों की आरंभिक जांच में संदेहस्पद लगने पर केस दर्ज कराया गया है।

लोक अदालत में बकाया संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया

जालोर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान पक्षकारान के बीच राजीनामा की भावना से प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश वीर ने बताया कि लोक अदालत को लेकर 9 बैंचों का गठन किया गया। लोक अदालत के दौरान पक्षकारों की भीड जुटी रही। जिला मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विभिन्न बैंकों सहित अन्य प्री लिटिगेशन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु लोगों की भारी भीड उमड पडी। यहां पर बैंकों की ओर से बकाया राशि जमा करवाने पर छूट देने से लोगों को काफी फायदा हुआ। सचिव ने लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण में सहयोग देने पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं, राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों का आभार जताया है। इससे पूर्व एडीआर भवन में जिला एवं सेशन न्यायाधीश बन्नालाल जाट ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ संजय गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेशवीर, सीजेएम डॉ विमल व्यास, एसीजेएम राजेंद्रसिंह चारण, दिव्या गोदारा, जेएम रेखा चौधरी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खसाराम परिहार, पैनल अधिवक्ता रमेश सोलंकी, जगदीश गोदारा, गोपालसिंह राजपुरोहित सहित बार एसोसिएशन के अधिवक्ता, बैंक अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

लोक अदालत के दौरान पक्षकारों के बकाया संबंधी प्रकरणों में बैंकों की ओर से भारी छूट दी गई तो लोगों ने आभार जताया। जिला मुख्यालय पर प्री लिटिगेशन के प्रकरणों की बैंच में आरएमजीबी बैंक की ओर से बावतरा निवासी छोगाराम 4 लाख 7० हजार 385 रूपए बकाया थे, जिस पर पक्षकारों के बीच समझाइश कर 2 लाख 35 हजार पांच रूपए में प्रकरण का निस्तारण करवाया। इसी प्रकार कलापुरा निवासी हरताराम भील के जिम्मे कुल 3 लाख 98 हजार 288 रूपए बकाया थे लोक अदालत में समझाइश के बाद 2 लाख रूपए में समझौता कर प्रकरण का निस्तारण किया गया